## कर्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं पाये जाने पर 4 का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किये जाने के बाद भी 4 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

### कारण बताओ नोटिस जारी

निगम आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान तौशी-मोहम्मद हुसैन ड्रायवर, संदीप-सुरेश हैल्पर, विजय खरे, कमल शिन्दे वार्ड प्रभारी द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर डेऊस में नहीं पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर 24 घन्टे में स्पष्टीकरण चाहा है।

शासन द्वारा नगर निगम में कार्यरत् अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु श्रेणीवार डेऊस कोड निर्धारित किया है, श्रेणीवार ड्रेस कोड में नहीं आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

राजएक्सप्रेस 25/8/21

## कर्त्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं पाए जाने पर 4 का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किये जाने के बाद भी 4 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान तौशी-मोहम्मद हुसैन ड्रायवर, संदीप-सुरेश हैल्पर, विजय खरे, कमल शिन्दे वार्ड प्रभारी द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर डेऊस में नहीं पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर 24 घन्टे में स्पष्टीकरण चाहा है। शासन द्वारा नगर निगम में कार्यरत् अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु श्रेणीवार डेऊस कोड निर्धारित किया है, श्रेणीवार ड्रेस कोड में नहीं आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

प्रसारण 25/8/21

## ड्रेस कोड में नहीं आने पर वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किए जाने के बाद भी एक जोन प्रभारी, तीन वार्ड प्रभारी, एक स्थायीकर्मी व एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा ड्यूटी पर यूनिफार्म में नहीं आने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जोन प्रभारी किरण चौहान, वार्ड प्रभारी सतीश भूमक, योगेश चौहान, राजेंद्र गौसर, धनपाल-पर्वत स्थायीकर्मी व विशाल-दिनेश सोलंकी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी पलसोड़ा वर्कशाप के ड्यूटी पर यूनिफार्म में नहीं आने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर निलंबित/सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर 24 घंटे में स्पष्टीकरण चाहा है।

नईदुनिया 25/8/21

## ड्रेस कोड में नहीं आए, जोन और वार्ड प्रभारी समेत 6 कर्मियों का वेतन काटा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ड्यूटी पर ड्रेस कोड में नहीं आने पर मंगलवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 6 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काट दिया है। इनमें एक जोन और तीन वार्ड प्रभारी, एक स्थाई कर्मचारी तथा एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है।

सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जोन प्रभारी किरण चौहान, वार्ड प्रभारी सतीश भूमक, योगेश चौहान, राजेंद्र गौसर, स्थायीकर्मी धनपाल पर्वत, दैवेभो विशाल दिनेश सोलंकी पलसोड़ा वर्कशॉप पर ड्यूटी पर तो मौजूद मिले लेकिन यूनिफॉर्म नहीं पहन रखी थी। सभी को बर्खास्त करने का नोटिस देकर 24 घंटे में जवाब भी मांगा है।

दै.भास्कर 25/8/21

# 2 दिन में लगेंगे 1 लाख टीके, 205 सेंटरों पर वैक्सीनेशन

## महाअभियान पार्ट टू आज से : रतलाम शहर में 12 सेंटर रहेंगे, शहर में 90% टीकाकरण पूरा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में 25 और 26 अगस्त को वैक्सीनेशन का महाअभियान होने जा रहा है। इन दो दिनों में ही 1 लाख लोगों को टीके लगाए जाएंगे। जिले में 205 सेंटरों पर टीकाकरण होगा, वहीं शहर में 12 सेंटर बनाए गए हैं, जहां पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। रतलाम शहर में अब तक 90 प्रतिशत लोग टीका लगवा चुके हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि जो लोग बच गए, वे भी जल्द से जल्द वैक्सीन लगवाएं।



अभियान को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का रवैया भी सख्त नजर आ रहा है। वैक्सीनेशन महाअभियान को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक ली। लेकिन कलेक्टर की बैठक में महिला बाल विकास विभाग के पांच बाल विकास परियोजना अधिकारी नहीं पहुंचे, ऐसे में कलेक्टर ने एक दिन का वेतन काटने का कहा। इनमें जावरा, पिपलौदा, आलोट, सैलाना व बाजना के अधिकारी शामिल हैं। महाअभियान के दो दिन में जिले में 1 लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य जिले में तय किया गया है।

**अभियान परिषद, क्राइसिस कमेटी भी होगी शामिल** : इधर ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए गांवों में डौंडी पिटवाई जा रही है। अंत्योदय समितियों के सदस्यों, जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं, क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों को भी शामिल कर रहे हैं। सैलाना, बाजना में ग्राम वन समितियों को भी जोड़ा जा रहा है।

### रतलाम ग्रामीण में 22 हजार टीके लगेंगे

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 22,000 टीके लगाए जाएंगे, पिपलौदा में 10,000, आलोट में 22,000 टीके, सैलाना में 12,000 व बाजना में 9,000 टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी को लक्ष्य से 25 प्रतिशत ज्यादा तैयारी रखने का कहा है। ज्यादा वैक्सीन भी मिल सकती है।

**जो बच गए, वे वैक्सीन जरूर लगवाएं :** *वैक्सीनेशन में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो। शहर में 90 प्रतिशत ने टीका लगवा लिया है, जो बच गए हैं, वे भी आए। टीकाकरण की साप्ताहिक ग्रेडिंग में रतलाम जिला हमेशा टॉप-3 में रहा है। इस बार सैलाना व बाजना क्षेत्र में ज्यादा वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए हैं क्योंकि उन क्षेत्रों में अभी कम वैक्सीनेशन हुआ है।*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर, रतलाम

### टीका लगवाने वालों को लगाया जाएगा स्टांप...


रतलाम | 25 व 26 अगस्त को महाअभियान में वैक्सीन लगवाने आने वाले लोगों के हाथ के पंजे के पीछे की तरफ एक टिक और दो टिक के निशान लगाए जाएंगे। वैक्सीन लगाने के बाद वैक्सीनेट स्टाम्प भी लगाया जाएगा। एक टिक वाले स्टाम्प का अर्थ होगा कि व्यक्ति को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है, दो टिक वाले स्टांप मतलब है कि व्यक्ति को वैक्सीन के दोनों डोज लग गए हैं और वह वैक्सीनेट हो चुका है। ऐसे लोग हाथ पर लगे दो टिक वाले स्टांप को अपनी दो अंगुलियों से वी (V) बनाते हुए सेल्फी के द्वारा यह संदेश देंगे कि 'आई एम वैक्सीनेटेड'।

भास्कर

दै. भास्कर 25/8/21

शिवराज की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया से मुलाकात

# आज आएगी वैक्सीन, 25-26 अगस्त को 35 लाख डोज लगाने का लक्ष्य



भोपाल • एजेंसी

केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश के लिए वैक्सीन के 11 लाख एक्स्ट्रा डोज स्वीकृत कर दिए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार देर शाम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर डोज की आपूर्ति का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया, 25 और 26 अगस्त को मध्यप्रदेश में महावैक्सीनेशन अभियान चलाकर 35 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। इस दौरान मांडविया ने आश्वासन दिया, मंगलवार तक 11 लाख अतिरिक्त डोज की सप्लाई हो जाएगी।

प्रदेश में टीकाकरण के दूसरे महाअभियान के लिए सरकार ने सभी तैयारियां कर ली हैं। मुख्यमंत्री इसे लेकर मंगलवार को आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। मंत्रियों को प्रभार के जिलों में तैयारियों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री मंगलवार सुबह 11.30 बजे जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से इसको लेकर वर्चुअली चर्चा भी करेंगे।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए केंद्र से 11 लाख अतिरिक्त टीकों की जरूरत है। यह 24 अगस्त तक मिल जाएं, जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश के प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि 24 अगस्त तक अतिरिक्त डोज उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

## केंद्र सरकार से मांगा 8 लाख टन यूरिया-डीएपी

केंद्रीय मंत्री मांडविया के पास रासायन व उवर्रक मंत्रालय भी हैं। मुख्यमंत्री ने मांडविया को बताया, प्रदेश में धान बुआई का काम तेजी से चल रहा है। इसके कारण डीएपी की मांग बढ़ गई है। वहीं, मक्का और धान में यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे मांग बढ़ी है। प्रदेश को केंद्र सरकार ने 12.13 लाख टन यूरिया के एवज में अभी 8 लाख टन ही मिला है। इसी तरह, 8 लाख 5 हजार टन डीएपी के विरुद्ध 5 लाख टन ही प्राप्त हुआ है। उन्होंने 4.13 लाख टन यूरिया और 3.05 लाख टन डीएपी जल्द जारी करने का अनुरोध किया।

सिंहस्थ २४

सिंहस्थ २४/८/२१

कलेक्टर ने मीटिंग ज्वाइन नहीं करने पर पांच बाल विकास अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए

# रतलाम जिले में दो दिन में लगेंगे एक लाख टीके

**रतलाम।** रतलाम जिले में वैक्सीनेशन महा अभियान की तैयारियां जोरों पर है। 25 तथा 26 अगस्त को आयोजित अभियान की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने की। इस बैठक को ज्वाइन नहीं करने पर कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के पांच बाल विकास परियोजना अधिकारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। इनमें जावरा, पिपलोदा, आलोट, सैलाना तथा बाजना के अधिकारी सम्मिलित हैं। महा अभियान के दोनों दिनों में 1 लाख व्यक्तियों को वैक्सीनेट किए जाने का लक्ष्य जिले में निर्धारित किया गया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर द्वारा अनुविभागों को लक्ष्य आवंटन की समीक्षा की गई। महा अभियान में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 22,000 टीके लगाए जाएंगे। पिपलोदा में 10000, आलोट में 22,000 टीके लगाए जाएंगे। सैलाना में 12000 तथा बाजना में 9000 टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक की तैयारी रखें। शासन से ज्यादा संख्या में वैक्सीन मिल सकते हैं।

अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान लोगों की सेहत के लिए है जितने ज्यादा ज्यादा लोग जुड़ सकते हैं जोड़े जाएं। ग्रामों में डौंडी पिटवाई जाए, अंत्योदय समितियों के सदस्यों, जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं, क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों




की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सैलाना, बाजना में कम संख्या में वैक्सीनेशन के दृष्टिगत ग्राम वन समितियों को भी जोड़ने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ऑनलाइन क्लासेज से जुड़े बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया जाए।

वर्षा के मौसम के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं करने, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पंचायत सचिवों की बैठक लेने, अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी फील्ड में भ्रमण करें, टाइम पास नहीं करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद आदि उपस्थित थे।

**महाअभियान आज और कल :** सीएम ने विभिन्न वर्गों से किया संवाद

# फिर टीका उत्सव; आओ डोज लगवाकर कोरोना को करें पस्त

*कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन ही सबसे बड़ा हथियार है। सरकार टीकाकरण के लिए एक बार फिर महाअभियान चलाने जा रही है। इसमें हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं टीका लगवाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।*



**सीएम शिवराज बोले-**

**मतदान की तरह टीकाकरण में जुटो, सितंबर तक सभी को लगवाएं पहला डोज**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में कोरोना टीकाकरण के महाअभियान का दूसरा चरण 25 और 26 अगस्त को चलेगा। दोनों दिन में करीब 35 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जिलों की क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटियों सहित विभिन्न वर्गों से वर्चुअल संवाद किया।

उन्होंने कहा, सितंबर के अंत तक पहला डोज सभी को लग जाना चाहिए। इसलिए जैसे मतदान में जुटते हैं, वैसे ही टीकाकरण में जुट जाएं। इसे उत्सव की तरह मनाएं। मुख्यमंत्री और गायक कैलाश खेर सहित कई हस्तियों और धर्मगुरुओं ने वैक्सीनेशन के लिए जनता से आह्वान किया है।

सीएम शिवराज ने अफसरों से कहा कि पहला-दूसरा डोज नहीं लगवाने वालों की सूची कलेक्टर के पास होनी चाहिए। इसी हिसाब से लक्ष्य तय करके वैक्सीनेशन किया जाए। इसके लिए टीम घर-घर जाकर संपर्क करे। हर वर्ग और व्यक्ति का सहयोग लें। सांसद-विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि शुभारंभ करें। हर बूंद का सदुपयोग हो। जिलों को पुरस्कार दिए जाएं। जन अभियान परिषद, पार्टी कार्यकर्ता और स्वयंसेवक भी इसमें जुटें। पत्रिका।

## 38% पात्र लोगों ने नहीं ली वैक्सीन

**अभी** प्रदेश की 38 प्रतिशत पात्र जनसंख्या ने पहला टीका नहीं लगवाया है। लगभग 46 लाख लोगों के दूसरा टीका लगवाने का समय आ गया है। यदि उन्होंने दूसरा टीका नहीं लगवाया तो पहले टीके का प्रभाव भी निष्प्रभावी हो जाएगा। सरकार ने अभियान में इन्हें प्राथमिकता के साथ टीका लगाने पर फोकस किया है।

## ख्यात हस्तियों ने की अपील

**ख्यात** गायक कैलाश खेर, पद्मश्री जनक पलटा, हॉकी खिलाड़ी मीर रंजन नेगी, क्रिकेट के सुशील दोषी, नृत्यांगना रागिनी मख्खर सहित विभिन्न धर्मगुरुओं व कई हस्तियों ने जनता से वैक्सीनेशन की अपील की है। कैलाश खेर ने कहा, वैक्सीनेशन कराइए, हो सकता है कि देश का पहला कोरोना-फ्री व पूर्ण वैक्सीनेशन राज्य मध्यप्रदेश बन जाए।

## टीके के बाद हथेली के पीछे मुहर

इस बार महाअभियान के लिए सरकार ने नवाचार भी किया है। टीका लगवाने के लिए आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की हथेली के पीछे टीकाकरण के बाद पहचान के लिए सील लगाई जाएगी। इसके लिए एक रबर स्टाम्प की तरह पहली डोज या दोनों डोज के मुताबिक ***आइ एम वैक्सीनेटिंग*** और ***आइ एम वैक्सीनेटेड*** लोगो वाली मुहर तैयार कराई गई है। इसमें




**पहला डोज** **दूसरा डोज**

एक और दो टिक के निशान हैं। एक टिक वाली मुहर का मतलब है कि वैक्सीन का पहला डोज लग चुका है। दो ब्लू टिक वाली सील का अर्थ है कि व्यक्ति को दोनों डोज लग चुके हैं।

## वाट्सऐप से करें टीके की बुकिंग

**नई दिल्ली@पत्रिका.** अब कोरोना का टीका मोबाइल पर वाट्सऐप के जरिए बुक किया जा सकेगा। इसके लिए अंग्रेजी में 'बुक स्लॉट' लिख कर 919013151515 नंबर पर मैसेज करना होगा। फोन पर एसएमएस के जरिए ओटीपी मिलेगा, जिसकी पुष्टि करनी होगी। इसके बाद नजदीकी टीका केंद्र पर उपलब्ध स्लॉट के मुताबिक चयन



का विकल्प मिलेगा। टीकाकरण के बाद वाट्सऐप पर ही टीकाकरण सर्टिफिकेट भी मिल सकेगा।

पत्रिका 25/8/21

## महाअभियान को लेकर एक पत्रकार वार्ता कलेक्टर द्वारा आयोजित की गई

# जिले में 205 सेंटर्स पर होगा टीकाकरण, एक लाख टीके लगाने का लक्ष्य

**रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम जिले में भी 25 तथा 26 अगस्त को आयोजित होने वाले कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस दौरान 205 सेंटर्स पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। लगभग एक लाख टीके लगाए जाने का लक्ष्य अभियान के दोनों दिनों में तय किया गया है। महा अभियान को लेकर एक पत्रकार वार्ता कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा मंगलवार को आयोजित की गई। पत्रकारगणों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील भी उपस्थित थी।



पत्रकार वार्ता में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि महा अभियान के लिए जिले को वैक्सीन प्राप्त हो चुका है। अभियान में प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाएंगे। रतलाम शहर में 12 सेंटर रहेंगे। शहर में लगभग 90 प्रतिशत पात्र व्यक्ति प्रथम डोज लगवा चुके हैं। कलेक्टर ने अपील की है कि छूटे हुए सभी परिचितों तथा अन्य व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। वैक्सीन के सुखद परिणाम सामने आए हैं। आज बाजार में वही परिदृश्य है जो कोरोना से पूर्व का था, सभी गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही है। टीकाकरण में रतलाम अग्रणी जिलों में सम्मिलित है। साप्ताहिक ग्रेडिंग में जिला सदैव टॉप 3 में सम्मिलित रहा है। जिले के नगरीय निकायों में 80 तथा 90 प्रतिशत से लेकर शत प्रतिशत उपलब्धि वाले नगरीय निकाय भी हैं।

इस अभियान में जिले के सैलाना तथा बाजना क्षेत्रों में %यादा वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं क्योंकि उन क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से कम वैक्सीनेशन हो पाया है। कलेक्टर ने बताया कि वैक्सीनेशन महा अभियान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पूरे जिले के लिए नोडल अधिकारी हैं। इसके अलावा संबंधित एसडीएम तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि अब तक जिले में 6,74,527 व्यक्तियों अर्थात लगभग 61 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज वैक्सीनेशन किया जा चुका है दूसरा डोज 1,30,937 व्यक्तियों को लगाया चुका है। जिले में 2,398 गर्भवती महिलाओं को भी टीके लगाए जा चुके हैं।

राजएक्सप्रेस 25/8/21

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितंबर को

**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 सितंबर को रतलाम जिला न्यायालय तथा जावरा व आलोट तहसील न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता द्वारा 23 अगस्त को रतलाम न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों को और अधिक सक्रियता के साथ समझोतो के लिए प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि न्यायालय में लंबित प्रकरणों का पारस्परिक समझोतों माध्यम से अधिक अधिक संख्या में निराकरण हो सके। इस संबंध में जिला न्यायाधीश द्वारा एक विस्तृत रणनीति तैयार कर अधिक से अधिक प्रीसीटिंग मीटिंग आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला न्यायाधीश ने आमजनों से भी अपील की कि अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत में भाग लेकर लाभ लेवे।

अग्निबाण 24/8/21

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितंबर को

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 सितंबर को रतलाम जिला न्यायालय तथा जावरा व आलोट तहसील न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार गुप्ता द्वारा 23 अगस्त को रतलाम न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों को और अधिक सक्रियता के साथ समझोतो के लिए प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि न्यायालय में लंबित प्रकरणों का पारस्परिक समझोतों माध्यम से अधिक अधिक संख्या में निराकरण हो सके। इस संबंध में जिला न्यायाधीश द्वारा एक विस्तृत रणनीति तैयार कर अधिक से अधिक प्रीसीटिंग मीटिंग आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला न्यायाधीश ने आमजनों से भी अपील की कि अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत में भाग लेकर लाभ लेवे।

स्वतंत्र रतलाम 25/8/21

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितंबर को

**रतलाम ●** रतलाम जिला न्यायालय तथा जावरा व आलोट तहसील न्यायालयों में 11 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता द्वारा 23 अगस्त को रतलाम न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिला न्यायाधीश ने न्यायाधीशगणों को और अधिक सक्रियता के साथ समझौतों के लिए प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि न्यायालय में लंबित प्रकरणों का पारस्परिक समझौतों माध्यम से अधिक अधिक संख्या में निराकरण हो सके। जिला न्यायाधीश ने आमजनों से भी अपील की कि अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत में भाग लेकर लाभ लेंवे।

स्वदेश 25/8/21

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितंबर को

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 सितंबर को रतलाम जिला न्यायालय तथा जावरा व आलोट तहसील न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता द्वारा 23 अगस्त को रतलाम न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों को और अधिक सक्रियता के साथ समझोतो के लिए प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि न्यायालय में लंबित प्रकरणों का पारस्परिक समझोतों माध्यम से अधिक अधिक संख्या में निराकरण हो सके। इस संबंध में जिला न्यायाधीश द्वारा एक विस्तृत रणनीति तैयार कर अधिक से अधिक प्रीसीटिंग मीटिंग आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला न्यायाधीश ने आमजनों से भी अपील की कि अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत में भाग लेकर लाभ लेवे।

राज एक्सप्रेस 25/8/21

## आई एम वैक्सीनेटेड का स्टाम्प लगेगा टीका लगवाने वालों को

रतलाम। प्रदेश में 25 एवं 26 अगस्त को कोरोना संक्रमण से सुरक्षा कवच देने के लिये टीकाकरण महा-अभियान चलाया जायेगा। महा-अभियान के दौरान वैक्सीन लगवाने आये प्रत्येक नागरिक के हाथ के पंजे के पीछे की तरफ एक टिक और दो टिक के निशान वाला वैक्सीनेट स्टाम्प वैक्सीन लगवाने के बाद लगाया जायेगा। एक टिक वाले स्टाम्प का अर्थ होगा कि व्यक्ति को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। दो टिक वाले स्टाम्प के मायने यह होंगे कि व्यक्ति को वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं और वह वैक्सीनेट हो चुका है। ऐसे व्यक्ति अपने हाथ पर लगे दो टिक वाले स्टाम्प को अपनी दो ऊँगलियों से वी (ड्र) बनाते हुए सेल्फी के द्वारा यह संदेश देंगे कि आई एम वैक्सीनेटेड । टीकाकरण महा-अभियान में किये जा रहे इस नवाचार में वैक्सीनेट हुए व्यक्तियों की वैक्सीनेट स्टाम्प के साथ फोटो ली जाकर सोशल मीडिया पर शेयर की जायेगी। इससे आमजन में वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। आम नागरिक वैक्सीन लगवाकर सीएम ईवेंट पोर्टल पर भी अपने फोटो अपलोड कर सकेंगे। इसके लिये मार्गदर्शिका जारी की गई है।

स्वतंत्र रतलाम 25/8/21

## आई एम वैक्सीनेटेड का स्टाम्प लगेगा टीका लगवाने वालों को

रतलाम ● प्रदेश में 25 एवं 26 अगस्त को कोरोना संक्रमण से सुरक्षा कवच देने के लिए टीकाकरण महा-अभियान चलाया जाएगा। महा-अभियान के दौरान वैक्सीन लगवाने आए प्रत्येक नागरिक के हाथ के पंजे के पीछे की तरफ एक टिक और दो टिक के निशान वाला वैक्सीनेट स्टाम्प वैक्सीन लगवाने के बाद लगाया जाएगा। एक टिक वाले स्टाम्प का अर्थ होगा कि व्यक्ति को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। दो टिक वाले स्टाम्प के मायने यह होंगे कि व्यक्ति को वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं और वह वैक्सीनेट हो चुका है।

स्वदेश 25/8/21

# आज से डाट की पुल रोड का काम शुरू होगा

## दो बत्ती चौराहे पर फ्रीगंज के हिस्से में काम पूरा हुआ, निगमायुक्त ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



दो बत्ती-डाट की पुल रोड को टू लेन करने का काम आज से शुरू हो जाएगा। ●नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** महाराणा प्रताप प्रतिमा से एसबीआइ तिराहे तक सिटी फोरलेन निर्माण के पहले चरण में दो बत्ती चौराहे तक निर्माण पूरा होने के बाद दूसरे चरण में दो बत्ती चौराहे से सज्जनसिंह प्रतिमा तक काम लगभग पूरा हो गया है। इससे आगे लोकेंद्र भवन मार्ग पर एसबीआइ तिराहे सभी सड़क बनना शुरू हो गई है। दो बत्ती पर फ्रीगंज मार्ग के छोर पर सीसी रोड बनने के बाद बुधवार से डाट की पुल टू लेन निर्माण शुरू हो जाएगा। सड़क बनने तक इस मार्ग पर आवाजाही बंद रहेगी।

मंगलवार शाम निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी व ठेकेदार के साथ डाट की पुल रोड का निरीक्षण कर सड़क निर्माण को लेकर दिशा निर्देश दिए। निगम यहां 40 फीट चौड़ी सड़क बनाएगा। इसमें डीआरएम आफिस के गेट के सामने वाले हिस्से में कुछ जगह चौड़ाई 11.4 मीटर है जबकि शेष जगह 12 मीटर है। मंगलवार को सड़क पर चूने की लाइन डालकर मार्किंग की गई।

**रहवासियों ने दोनों छोर पर समान जगह छोड़ने की मांग की**

सुबह चूने की लाइन डलने के बाद क्षेत्रीय रहवासियों, दुकानदारों ने सड़क निर्माण में डीआरएम कार्यालय वाले छोर पर जगह ज्यादा छोड़ने पर आपत्ति जताते हुए भविष्य में खाली जगह में अतिक्रमण होने की बात कही। क्षेत्र के पूरन सेठ, राहुल धुलेकर, सुनील दुबे, अशोक, मेहबूब खान, कपिल टटावत, सोनू सेठ आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम अभिषेक गेहलोत को सौंपा, वहीं मौके पर निगमायुक्त को भी अवगत कराया। निगमायुक्त ने सभी से चर्चा कर बताया कि सड़क निर्माण में मौके पर मिली जगह के मान से चौड़ाई तय की गई है। आवश्यकता के मान से ही निर्माण होगा।

**जावरा रोड व सैलाना रोड ओवरब्रिज से करें आवागमन**

डाट की पुल रोड का काम शुरू होने के बाद रेलवे कालोनी, लक्ष्मणपुरा, पीएनटी कालोनी, गांधीनगर औद्योगिक क्षेत्र से दो बत्ती के लिए राममंदिर, सैलाना रोड ओवरब्रिज होकर आना-जाना पड़ेगा। इसी तरह डोसीगांव, सेजावता से आने-जाने वाले वाहन चालकों को जावरा रोड अंडरब्रिज से आवाजाही करना होगी।

"बुधवार से डाट की पुल टू लेन का काम शुरू हो जाएगा। सड़क बनने तक आवाजाही बंद रहेगी। इस संबंध में रेलवे व यातायात पुलिस को सूचना दे दी गई है।

-सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

डाट की पुल के रेलवे कालोनी वाले छोर पर बैरिकेडिंग करवारक ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए हैं। वैकल्पिक मार्ग के ज्यादा विकल्प नहीं है। राममंदिर मार्ग से ही ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।"

-मोनिकासिंह चौहान, ट्रैफिक थाना प्रभारी

नईदुनिया 25/8/21

---

**दो बत्ती से डाट की पुल तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य होगा**

# 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण



**रतलाम.** महाराज सज्जन सिंह प्रतिमा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व दो बत्ती से डाट की पुल तक बनने वाली 4 लेन सड़क का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ किया।

निगम आयुक्त झारिया ने निरीक्षण के दौरान दो बत्ती से डाट की पुल तक बनने वाली 4 लेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देकर 4 लेन सड़क की लम्बाई व चौडाई अनुसार नपती करवाकर चूने की लाईन डलवाकर ठेकेदार को निर्देशित किया कि यह मार्ग व्यस्ततम मार्ग है नागरिकों असुविधा ना हो इस हेतु तीव्र गति से कार्य पूर्ण करें।

महाराज सज्जन सिंह प्रतिमा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण होकर तेजी से किया जाये ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

पत्रिका 25/8/21

---

# सुस्ती तोड़ो : कॉन्वेंट स्कूल तक फोरलेन निर्माण का काम देखा



**रतलाम |** महाराज सज्जन सिंह चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तक बन रहे फोरलेन के काम को मंगलवार को कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने देखा। ठेकेदार नीलेश पिरोदिया को काम तेजी से करने के निर्देश दिए। साथ ही दो बत्ती चौराहा से डाट की पुल तक बनने वाली सड़क का काम भी जल्द चालू करने के लिए कहा। उसके पहले नपती कर चूने की लाइन डालने के निर्देश दिए। सहायक यंत्री श्याम सोनी साथ रहे।

दै. भास्कर 25/8/21

**डेंगू हो रहा बेकाबू** • मानसून ब्रेक बड़ी वजह बना, मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को भी अलर्ट किया

# रतलाम प्रदेश में नंबर दो

## रतलाम, मंदसौर, आगर-मालवा और जबलपुर में केस बढ़े, पॉजिटिव सैंपलों में से 10% की दोबारा होगी जांच

- रतलाम मेडिकल कॉलेज में भी जल्द शुरू हो सकती है जांच
- सैंपल क्रॉस चेक करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना के बाद अब प्रदेश में डेंगू के लगातार मामले बढ़ रहे हैं। 299 मरीजों के साथ मंदसौर प्रदेश में पहला तो 171 मामलों के साथ रतलाम प्रदेश में दूसरा है। रतलाम, मंदसौर, आगर-मालवा और जबलपुर में केस ज्यादा हैं। ऐसे में इन जिलों में पॉजिटिव आए सैंपलों की दोबारा जांच की तैयारी भी कर ली है। अधिकारियों को अब पॉजिटिव आए सैंपलों में से 10% सैंपल दोबारा जांच के लिए जबलपुर की वायरोलॉजी लैब में भेजना होंगे। वहां सैंपलों की क्रॉस चेकिंग की जाएगी। हर सैंपल में 250 माइक्रो लीटर मात्रा रखना अनिवार्य होगा।



### रतलाम में बुखार का सर्वे शुरू, जबलपुर वायरोलॉजी लैब में भेजना होंगे सैंपल

**रतलाम : पिछले साल 5 केस थे, इस बार 171**

शहर में डेंगू की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। पिछले साल सितंबर तक सिर्फ 5 मामले थे, पूरे सालभर में 42 केस आए थे। लेकिन इस बार 24 अगस्त तक ही 171 मामले सामने आ चुके हैं। इधर, मलेरिया विभाग के साथ ही नगर निगम का अमला भी एंटी लार्वा एक्टिविटी में लगा है। पूरे शहर में सर्वे कर बुखार के रोगियों को तलाशा जा रहा है।

**मंदसौर : 299 मरीजों के साथ प्रदेश में पहला**

मंदसौर में डेंगू बेकाबू होते जा रहा है। यहां 299 मामले सामने आ चुके हैं जो प्रदेश में सर्वाधिक हैं। पिछले साल सिर्फ 136 केस ही मिले थे। जिले में 30 जुलाई तक 60 मामले ही थे। इधर डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच यहां मंगलवार को मलेरिया अधिकारी का भी तबादला हो गया।

**आगर-मालवा : एक युवती की मौत हो चुकी**

आगर मालवा में एक साथ 7 मरीज मिलने के साथ शुरुआत हुई थी जो यहां पर डेंगू मरीजों का आंकड़ा 98 हो गया है। आगर में डेंगू से एक युवती की मौत भी हो चुकी है जो डेंगू पॉजिटिव थी। सोमवार को आगर में 11 पॉजिटिव मरीज सामने आए थे। यहां भी एंटी लार्वा एक्टिविटी जारी है।

**जबलपुर : 125 से ज्यादा मामले सामने आए**

जबलपुर में 125 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। मलेरिया विभाग लार्वा नष्ट कर रहा है। वहीं निगम आयुक्त वार्ड-वार कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे हैं। दवा छिड़काव के लिए 40 कर्मचारियों की 10 टीमें बनाई हैं। सघन और निचली बस्तियों में मेलाथियान की बजाए बैसिलस थ्यूरिंजिसिस दवा मच्छरों पर अधिक प्रभावी है।

**सभी 59 सेंटर पर रोज जांच, छुट्टी के दिन भी सैंपल लेंगे**

इधर, डेंगू के संभावित मरीज को किसी भी परिस्थिति में ब्लड टेस्ट से इंकार नहीं किया जाएगा। जल्द जांच करने और देरी ना होने को लेकर भी चेताया जा चुका है। इधर, प्रदेश की सभी 59 संस्थाओं में जरूरी होने पर प्रतिदिन जांच और रविवार या छुट्टी के दिनों में भी ब्लड टेस्ट लिया जाएगा।

**तैयारियां शुरू : अब सभी लैब में कम से कम 96 लोगों के टेस्ट का इंतजाम भी रखना होगा**

अब रतलाम मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू की जांच करने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रदेश के 59 स्वास्थ्य संस्थाओं में डेंगू जांच के लिए साइट बनाई गई है लेकिन इनमें से कुछ जगह जांच नहीं हो रही थी। इसे लेकर अपर संचालक डॉ. संतोष जैन ने नाराजगी जताते हुए चिंताजनक भी बताया है। अब प्रदेश की सभी लैब में कम से कम 1 किट यानी 96 लोगों के टेस्ट का इंतजाम रखना होगा।

**बारिश थमने के बाद लार्वा पनपने का दौर**


इधर डेंगू को लेकर मौसम भी चिंताजनक बना हुआ है। मानसून ब्रेक शुरू हो गया है। बारिश थमने के बाद मच्छरों के पनपने का यह उपयुक्त समय होता है। दरअसल, बारिश का पानी यहां-वहां ठहरा हुआ रहता है। डेंगू को लेकर एंटी लार्वा एक्टिविटी शुरू हो चुकी है।

भास्कर

दै. भास्कर 25/8/21

### शहर में डेंगू के चार नए मरीज मिले

**रतलाम।** शहर सहित जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बारिश का पानी जमा होने से डेंगू के मच्छरों का लार्वा पनप रहा है। नगर निगम ने सभी 49 वार्डों में कीटनाशक छिड़काव के लिए एक-एक व्यक्ति नियुक्त किया है। फागिंग भी कराई जा रही है, लेकिन इसका असर नही हो रहा है। मंगलवार को 16 सैंपलों की जांच में डेंगू के चार नए मरीज मिले। इसके साथ जिले में कुल मरीजों की संख्या 171 हो गई है। नए मरीज आनंद कालोनी क्षेत्र के हैं। निजी अस्पतालों में भी लोग उपचार करा रहे हैं। सावन माह में हुई रिमझिम बारिश के चलते शहर में कई स्थानों पर पानी जमा होने से लार्वा पनप रहे हैं। मलेरिया विभाग भी घर-घर सर्वे करवाकर लार्वा नष्ट करवाने के साथ ही संदिग्ध मरीजों के सैंपल ले रहा है। मरीज बढ़ने से प्लेटलेट्स की मांग भी बढ़ गई है।



# लोक निर्माण व स्थास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों का स्थानान्तरण

**रतलाम।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा कार्यव्यवस्था एवं प्रशासकीय दृष्टि से लोक निर्माण विभाग के समयपाल रतन सिंह को स्वास्थ्य विभाग (स्थापना) व स्वास्थ्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मनोज टांक को लोक निर्माण विभाग (मेन्टेनेन्स शाखा) में पदस्थ किया।

प्रसारण 25/8/21

# वार्ड 49 के तीन सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान तीन सफाई संरक्षकों द्वारा कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने व उनके कार्यक्षेत्र अन्तर्गत गंदगी व कचरे के ढ़ेर पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर निलंबित/बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## कारण बताओ नोटिस जारी

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्ड 49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान श्रीमती सुमित्राबाई-भागीरथ, श्रीमती इन्दराबाई-इन्दर व श्रीमती सविता बाई-शिव द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाई गई व इनके कार्यक्षेत्र अन्तर्गत गंदगी व कचरे के ढ़ेर पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर निलंबित/बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

राज एक्सप्रेस 25/8/21

# वार्ड 49 के तीन सफाई सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान तीन सफाई संरक्षकों द्वारा कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने व उनके कार्यक्षेत्र अन्तर्गत गंदगी व कचरे के ढेर पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर निलंबित/बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्ड 49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान श्रीमती सुमित्राबाई-भागीरथ, श्रीमती इन्दराबाई-इन्दर व श्रीमती सविता बाई-शिव द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाई गई व इनके कार्यक्षेत्र अन्तर्गत गंदगी व कचरे के ढेर पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर निलंबित/बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## शैलेन्द्र मेहना को वार्ड 49 के प्रभारी के पद से हटाया

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जगह-जगह गंदगी के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई एवं कचरा यहां वहां फैला हुआ पाये जाने व वार्ड प्रभारी शैलेन्द्र मेहना द्वारा कर्तव्य स्थल पर बिना यूनिफार्म के उपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया साथ ही शैलेन्द्र मेहना को वार्ड प्रभारी के दायित्व से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 7 मूल पद गैंग सफाई संरक्षक के कार्य हेतु पदस्थ किया गया।

प्रसारण 25/8/21

# कर्त्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं पाए जाने पर 4 का वेतन काटा

**रतलाम ●** निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किए जाने के बाद भी 4 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्त्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरींक्षण के दौरान तौशी-मोहम्मद हुसैन ड्रायवर, संदीप-सुरेश हेल्पर, विजय खरे, कमल शिन्दे वार्ड प्रभारी द्वारा अपने कर्त्तव्य स्थल पर ड्रेस में नहीं पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर 24 घन्टे में स्पष्टीकरण चाहा है। शासन द्वारा नगर निगम में कार्यरत् अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु श्रेणीवार ड्रेस कोड निर्धारित किया है। श्रेणीवार ड्रेस कोड में नहीं आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

स्वदेश 25/8/21

## कोरोना ट्रेंड • 4 प्रमुख बातें, जो बताती हैं कि देश फिलहाल खतरे के चक्र से दूर

**1. देश में सक्रिय मरीजों की कुल संख्या अब सिर्फ 3.10 लाख**

**यह मार्च 2021 जैसी स्थिति**

▪ 5 महीने पहले 19 मार्च को देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 3 लाख पार हुई थी। अब फिर से 3 लाख से कम होती दिख रही है।

**2. साथ ही सक्रिय मरीजों का औसत भी अब सिर्फ 0.98%**

**यह मार्च 2020 जैसी स्थिति**

▪ यानी जैसी स्थिति कोरोना के शुरुआती दौर में थी, वैसी ही अभी है। मार्च 2020 के बाद ही संक्रमण की रफ्तार बढ़ी थी।

**3. देश में अब हर 1,000 टेस्ट में 19 मरीज मिल रहे हैं**

**यह जून 2021 जैसी स्थिति**

▪ संक्रमण की दर (साप्ताहिक) अब 1.9% है, जो 60 दिन में सबसे कम। केरल व 4 पूर्वोत्तर राज्यों में दर 10% से ज्यादा।

**4. कोरोना को हराने वालों की दर 97.7% पहुंची**

**यह मार्च 2020 जैसी स्थिति**

▪ 21 महीने के कोरोनाकाल में कुल 3.25 करोड़ मरीज दर्ज हुए, इनमें 3.18 करोड़ ठीक हो चुके हैं। 4.35 लाख बच नहीं पाए हैं।

# वैक्सीनेशन और हर्ड इम्युनिटी देश को संक्रमण की तीसरी लहर से बचाएंगे

▪ **दूसरी लहर पहली लहर के पीक के 6 माह बाद आई थी, दूसरी लहर का पीक गुजरे 4 महीने हुए**

▪ **अब 35% आबादी को सिंगल डोज लग चुकी, 65% आबादी में एंटीबॉडी, इसलिए खतरा कम**

पवन कुमार | नई दिल्ली

देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं को लेकर चर्चा फिर से जोरों पर है। ज्यादातर वैज्ञानिकों का मानना है कि अभी तीसरी लहर की आशंका नहीं है। कुछ कह रहे हैं कि अक्टूबर में आ सकती है। लेकिन, पिछला ट्रेंड और बदली हुई परिस्थितियां संकेत दे रही हैं कि तीसरी लहर कर खतरा बेहद कम है। वैज्ञानिक इसकी दो प्रमुख वजह बता रहे हैं। **पहली-** देश की 35% आबादी को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। अगले दो महीने में सिंगल डोज लगाने वालों की संख्या 50% पार हो सकती है। **दूसरी वजह-** देश की 65% आबादी में एंटीबॉडी पाई गई है। एंटीबॉडी संक्रमण होने के बाद ही बनती है। इसे हर्ड इम्युनिटी कहा जाता है। यानी, इतनी बड़ी आबादी को दोबारा संक्रमण का खतरा अगले छह महीने तक नहीं के बराबर है। क्योंकि, शरीर में एंटीबॉडी औसतन छह महीने तक रहती है।

### 7 दिन में भारत में नए मरीजों और मौतों में गिरावट, जबकि अमेरिका-ब्रिटेन में बढ़ोतरी

| | 7 दिन में नए मरीज | साप्ताहिक बढ़ोतरी | 7 दिन में कुल मौतें | साप्ताहिक बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | 10.14 लाख | +8% | 5,918 | +13% |
| ईरान | 2.49 लाख | -7% | 4,165 | +7% |
| ब्रिटेन | 2.29 लाख | +14% | 701 | +13% |
| भारत | 2.10 लाख | -17% | 2,939 | -13% |
| ब्राजील | 2.05 लाख | +2% | 5,363 | -9% |

### डब्ल्यूएचओ की चीफ साइंटिस्ट ने कहा- भारत में संक्रमण फैलने की दर अब कम



डब्ल्यूएचओ की चीफ साइंटिस्ट डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने मंगलवार को उम्मीद जगाने वाला बयान दिया। कहा- 'भारत में संक्रमण फैलने की दर अब कम या मध्यम है। इसे एंडेमिक, यानी स्थानिक स्तर कह सकते हैं। यह एपिडेमिक, यानी महामारी के स्तर से अलग होती है।

## एक्सपर्ट व्यू • जिन्हें अभी एक ही डोज लगी, वे भी गंभीर संक्रमण से बच जाएंगे

### केरल, महाराष्ट्र, असम को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में खतरा कम... क्योंकि एंटीबॉडी ज्यादा

आईसीएमआर की ओर से कराए गए सीरो सर्वे में सामने आया कि देश की 65% आबादी में एंटीबॉडी है। यह सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 79% राजस्थान में 76.2%, बिहार में 75.9%, गुजरात में 75.3% और छत्तीसगढ़ में 74.6% आबादी में मिली। इस हिसाब से इन राज्यों में तीसरी लहर का खतरा कम है। वहीं, दूसरी ओर केरल में 44.4%, असम में 50.3% और महाराष्ट्र में 58% आबादी में एंटीबॉडी मिली। यानी, इन राज्यों में अब तक संक्रमण से बचे हुए लोगों की संख्या अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा है। इसलिए, इनमें यदि वैक्सीनेशन ने रफ्तार नहीं पकड़ी तो संक्रमण का खतरा बना रहेगा।

### जिन्हें अब तक टीके नहीं लगे और उनमें एंटीबॉडी भी नहीं... उन्हें आने वाले दिनों में बेहद सतर्क रहना होगा

देश में 45.61 करोड़ लोगों को पहली डोज, 13.28 करोड़ को दोनों डोज लग चुकी हैं। यह आबादी अब कोरोना के गंभीर संक्रमण के खतरे से बाहर है। इन्हें अगर संक्रमण होता भी है तो बहुत कम लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ेगी। दूसरी ओर, जिन लोगों में एंटीबॉडी है, उन्हें भी खतरा कम है। लेकिन, जिन लोगों को न टीके लगे हैं और न ही उनमें एंटीबॉडी है, वे संक्रमण का शिकार पहले हो सकते हैं।

**लेकिन... तीसरी लहर को रोकने के लिए अब भी सबसे बड़ा हथियार एहतियात ही... यानी मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग आदि**

▪ **प्रो. नरेंद्र अरोड़ा, चेयरमैन,** नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन

भास्कर

दै.भास्कर १५/८/२१

# दो दिन का वैक्सीनेशन महाअभियान आज से, कल आ सकते हैं सीएम

रतलाम। जिले में 25 व 26 अगस्त को कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान 205 सेंटरों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। दो दिन में एक लाख टीके लगाए जाने का लक्ष्य है। अभियान के दूसरे दिन 26 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भी रतलाम आ सकते हैं। इसके चलते मंगलवार दोपहर करीब एक बजे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसपी गौरव तिवारी ने बंजली हवाई पट्टी का भी निरीक्षण किया। हालांकि अभी सीएम का अधिकृत कार्यक्रम आना बाकी है।

वैक्सीनेशन महाअभियान को लेकर मंगलवार शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में कलेक्टर ने बताया कि शहर में 12 सेंटर रहेंगे। शहर में लगभग 90 प्रतिशत पात्र व्यक्ति प्रथम डोज लगवा चुके हैं। टीकाकरण में रतलाम अग्रणी जिलों में है। साप्ताहिक




ग्रेडिंग में जिला हमेशा टाप थ्री में रहा है। उधर, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने टीका लगवाने से वंचित शहरवासियों से 25 व 26 अगस्त को महा अभियान में टीका लगवाने की अपील की है।

**बाजना व सैलाना पर विशेष ध्यान**

कलेक्टर ने कहा कि जिले के सैलाना तथा बाजना क्षेत्रों में कम वैक्सीनेशन होने से इस बार यहां ज्यादा सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। अब तक जिले में 674527 व्यक्तियों को प्रथम डोज व 130937




व्यक्तियों को दूसरा डोज लगाया चुका है। बुधवार को रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, कालिका माता धर्मशाला, जमातखाना शेरानीपुरा, आफिसर्स क्लब डीआरएम आफिस, आनर्स स्कूल दिलीपनगर, लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर, रेलवे हास्पिटल घटला कालोनी, सूरज हाल वेद व्यास कालोनी में कोविशील्ड टीका लगाया जाएगा। आइएमए हाल राजेंद्र नगर के केंद्र पर केवल कोवैक्सीन का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**जिले में इस तरह होगा टीकाककरण**

**आलोट क्षेत्र-** नगर परिषद आलोट, ताल, ग्राम केलूखेड़ी, कलसिया, खजूरीदेवड़ा, बर्डियाराठौर, भीम, कराड़िया, पिपलिया सिसौदिया, पंथपिपलौदा, मुंडलाकलां, आक्याकलां, मंडावल, खारवाखुर्द, निपानिया लीला, निपानिया गुरु, बरखेड़ाकलां, बरखेड़ाखुर्द, किशनगढ़, ताजखेड़ा, बर्शी, लूनी, मोरिया, शेरपुरखुर्द, हिंगड़ी, भूतिया, माल्याताल, नेगरून, कछालिया, करवाखेड़ी, नेकटवाड़ा, पाचनखेड़ा, आलाखेड़ा।

**बाजना क्षेत्र-** भूलपाड़ा, कुंडल, गोदाखेड़ा, पाटी का माल, खीरपुरा, करबलखोरा, गढ़ीकटारा कलां, भड़ानकलां, भूरीघाटी, कुंदनपुर, हेवड़ादामाखुर्द, चीराखादन, पीपलपाड़ा, रतनगढ़ पीठ, बजरंगगढ़, नाहरपुरा, बरखेड़ा, नायन, मावड़ीकामाल, देवला, रानीसिंह, उमर, रूपापाड़ा, मौलावा, मारगुल, गुर्जरपाड़ा, देथला, आमलीपाड़ा, पंथमेल।

**जावरा क्षेत्र-** रणायरा, भड़का, कुमारी, कंकरवा, अकोली, नेतावली, कमालिया, शेरपुर, बन्नीखेड़ी, अरनियापीथा, बन्नाखेड़ा, भूताखेड़ी, इस्माइलपुरा, रसूलपुर, तंबोलिया, मांगरोला, आक्यापरवल, डेहरी, पेलाडरी, छायन, बरखेड़ी, मल्लाखेड़ी, नागपिपलिया, बल्लीखेड़ा, नीमन, उदियाखेड़ी, मोहम्मदनगर, भानपुर, बड़ावदी, नगर पालिका टाउन हाल जावरा, आंबेडकर भवन जावरा, आयुर्वेदिक हास्पिटल जावरा, ग्राम उपलाई, बरखेड़ी नीमन, लसूड़िया जंगली, ऊंटखाना।

**पिपलौदा क्षेत्र-** बामनघाटी, उम्मेदपुरा, डाईट स्कूल पिपलौदा, खेड़ावदा, हतनारा, नांदलेटा, माताजी बड़ायला, उपरवाड़ा, सोहनगढ़, आकतवासा, चौरासी बड़ायला, मामटखेड़ा, बरखेड़ा, सुखेड़ा, मावता, रीछादेवदा, कालूखेड़ा, चिकलाना, जड़वासा।

**रतलाम ग्रामीण क्षेत्र-** भारोड़ा, मूंदड़ी, घोड़ाखेड़ा, पीपलखूंटा, सरवड़, सेमलिया, नगरा, बड़ोदिया, कुआंझागर, नौगांवाकलां, पल्दुना, ग्वालेखेड़ी, दिवेल, हतनारा, ईटावाखुर्द, धानासुता, सिखेड़ी, पलाश, कलमोड़ा, राजपुरा, जुलवानिया, नेगड़दा, मउ, प्रीतमनगर, बाजेड़ा, मेवासा, अमलेटा, ईसरथूनी, ईटावामाताजी, सनावदा, कमेड़, लूनेरा, भीलखेड़ी।

**सैलाना क्षेत्र-** बालक हायर सेकंडरी स्कूल सैलाना, भेरूघाटा, बायड़ी, भल्लाकामाल, धानुका, आंबापाड़ा, गराड़, पोलपुरा, खेड़ीकलां, कोटड़ा, हरसौला, चावड़ाखेड़ी, अडवानिया, दौलतपुरा, लूणी, उंडेर, बोरदा, कपासिया, सालरापाड़ा टोल नाका, बेड़दा, सेरा, कुआंझागर, बड़ीखुर्द, इंद्रावलखुर्द, पुन्याखेड़ी, सालरापाड़ा, सलवानिया, मकाडियारूंडी, सकरावदा, कुंडा, केलदा, बावड़ी, शिवगढ़, कांगसी, ठिकरिया। नईदुनिया।

नईदुनिया । 25/8/21

**कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान...**

# 205 केंद्रों पर 1 लाख टीके का लक्ष्य

पत्रिका
महामारी से महामुकाबला



## दो दिन तक चलेगा महा अभियान, कलेक्टर ने वैक्सीनेशन अभियान की जानकारी दी

रतलाम. प्रदेश के साथ ही जिले में भी 25 और 26 अगस्त को कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान चलेगा। इसके तहत जिले में 205 केंद्र बनाए गए है, जिन पर एक लाख से अधिक लोगों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। टीकाकरण को लेकर मंगलवार को सभी केंद्रों पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई। महा अभियान को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा स्वयं मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर इसकी पूरी जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने बताया कि महा अभियान के लिए जिले को वैक्सीन मिल चुकेहैं। अभियान में प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाएंगे। रतलाम शहर में 12 सेंटर रहेंगे। शहर में लगभग 90 प्रतिशत पात्र व्यक्ति प्रथम डोज लगवा चुके हैं। कलेक्टर ने अपील की है कि छूटे हुए सभी परिचितों तथा अन्य व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। वैक्सीन के सुखद परिणाम सामने आए हैं। कोरोना से पूर्व का था, सभी गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही है।



### सैलाना और बाजना पर ज्यादा जोर

कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण में रतलाम अग्रणी जिलों में सम्मिलित है। साप्ताहिक ग्रेडिंग में जिला हमेशा टॉप 3 में रहा है। जिले के नगरीय निकायों में 80 तथा 90 प्रतिशत से लेकर शत प्रतिशत उपलब्धि वाले नगरीय निकाय भी हैं। इस अभियान में जिले के सैलाना तथा बाजना क्षेत्रों में ज्यादा वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं क्योंकि उन क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से कम वैक्सीनेशन हो पाया है। वैक्सीनेशन महा अभियान के लिए जिला पंचायत सीईओ को पूरे जिले का नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। वहीं संबंधित एसडीएम व जनपद पंचायतों के सीईओ भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। पत्रिका

### फैक्ट फाइल

**6,74,527** - व्यक्तियों को प्रथम डोज लगा जिले में
**61** - प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज
**1,30,937** - व्यक्तियों को दूसरा डोज लग चुका है
**2,398** गर्भवती महिलाओं का हुआ टीकाकरण

कोरोना संक्रमण को खत्म करने और प्रदेश के लोगों को संक्रमण से सुरक्षा देने के लिए प्रदेश में 25 और 26 अगस्त को टीकाकरण महाअभियान-2 चलाया जाएगा। महाअभियान की तैयारियों के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आव्हान पर विभिन्न समाज के प्रमुखों ने भी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संचार के विभिन्न माध्यमों से वैक्सीनेशन की अपील की है। मुख्यमंत्री ने जिला, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत, वार्ड और ग्राम स्तर के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से भी वर्चुअल संवाद कर महाअभियान में अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीनेट कराने का आव्हान किया है। रतलाम एनआईसी कक्ष में भी अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों से चर्चा की गई।

पत्रिका 25/8/21



# भारत का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अभियान

रतलाम। कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड रतलाम द्वारा भारत का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हाइब्रिड बीज, तरल जैव उर्वरक, सिटी कंपोस्ट विक्रय अभियान का आयोजन ग्रामीण विकास ट्रस्ट, ग्राम भदवासा जिला रतलाम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपसंचालक कृषि श्री विजय चौरसिया, अध्यक्ष उप पंजीयक सहकारिता सुनीलसिंह, विशेष अतिथि उप महाप्रबंधक कृभको भोपाल जयप्रकाशसिंह, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक आलोक कुमार जैन, जिला विपणन अधिकारी यशवर्धनसिंह, जी.वी.टी हेड भदवासा अनिल कुमार सैनी, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको इंदौर आर.एस.राठौर व रतलाम जिले के समस्त समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

कृभको रतलाम कनिष्ठ क्षेत्रिय प्रतिनिधि विनायक हारोड़ द्वारा कृभको के उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्री चौरसिया द्वारा संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग की जानकारी दी गई। श्री सुनीलसिंह ने जैविक खेती को अपनाने पर समझाईश दी। जे.पी. सिंह द्वारा समन्वित खेती करने की सलाह दी गई। आलोक कुमार जैन ने कृभको सिटी कंपोस्ट व तरल जैव उर्वरक की उपयोगिता को समझाया। आर.एस. राठौर द्वारा कृभको गतिविधियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान दो समितियों को श्रेष्ठ कार्य करने पर उपमहाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं कृभको द्वारा गोद ली गई प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति भीमाखेडी को नोट काउंटिंग मशीन प्रदान की गई। आभार कनिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री विनायक हारोड़ कृभको रतलाम द्वारा व्यक्त किया गया।

राज एक्सप्रेस 25/8/21

# गड्ढों के कारण राहगीर हो रहे जख्मी

**रतलाम** | बारिश के कारण शहर की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। जिस मार्ग से निकलो वहीं गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी व मुरम भी डाली जा रही है। उसके बाद भी राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

मंगलवार को दोपहर को मोहन नगर निवासी एमआर संतोष लालवानी स्कूटर से परिवार के साथ कॉलेज रोड (आरोग्य हनुमान मंदिर) के सामने से गुजर रहे थे तभी गड्ढों के कारण वह स्कूटर से गिर गए। दुर्घटना में ललवानी का पैर फ्रैक्चर होने के साथ ही हाथ में गंभीर चोट आई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शहर के गड्ढों जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए ताकि अन्य राहगीर दुर्घटना का शिकार होने से बचें। भास्कर

दै. भास्कर 25/8/11

# मप्र में टीकाकरण का सबसे बड़ा अभियान आज से

भोपाल, (प्रसं)। प्रदेश में बुधवार 25 और 26 अगस्त को टीकाकरण का महाअभियान चलेगा। दो दिन तक चलने वाले इस अभियान में महिलाओं के साथ ही ऐसे लोगों पर सबसे अधिक फोकस किया जाएगा, जिन्होंने टीके का प्रथम डोज लगाने के बाद दूसरा डोज लगाने का समय आने के बाद भी दूसरा डोज नहीं लगाया है। प्रदेश में ऐसे 48 लाख से अधिक लोग है। राज्य सरकार ने कलेक्टरों को टीकाकरण में भी नवाचार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग टीकाकरण के लिए केंद्रों तक पहुंचें। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से सोमवार को 11 लाख अतिरिक्त डोज की मांग की थी। यह डोज भी मप्र पहुंच गए हैं।

- दो दिन चलेगा महाअभियान
- तय समय के बाद दूसरा डोज नहीं लगाने वाले और महिलाओं पर रहेगा फोकस
- केंद्र से मिला टीके का 11 लाख अतिरिक्त डोज
- मुख्यमंत्री ने की अधिक से अधिक टीकाकरण की अपील

राज एक्सप्रेस 25/8/21

# आज व कल टीकाकरण महाभियान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 25 और 26 अगस्त को टीकाकरण का महाभियान-2 आरंभ हो रहा है। इसमें 25 अगस्त को वैक्सीन की दोनों डोज और 26 अगस्त को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कई लोग पहला डोज लगवाकर भूल गए, उन्होंने दूसरा डोज नहीं लगवाया। दूसरा डोज नहीं लगवाएंगे तो पहला डोज बेकार हो जाएगा। कोरोना पर नियंत्रण, टीकाकरण और कोरोना अनुकूल व्यवहार से ही संभव है। कोरोना पर नियंत्रण की स्थिति में ही जीवन सामान्य हो सकेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपालवासियों से 25 और 26 अगस्त के टीकाकरण महाभियान में भाग लेने की अपील की।

स्वदेश 25/8/21

प्रसा०/20

## कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान की तैयारियां पूर्ण

# जिले में 205 सेंटर्स पर होगा टीकाकरण 1 लाख टीके लगाने का लक्ष्य

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले में भी 25 तथा 26 अगस्त को आयोजित होने वाले कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस दौरान 205 सेंटर्स पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। लगभग एक लाख टीके लगाए जाने का लक्ष्य अभियान के दोनों दिनों में तय किया गया है। महा अभियान को लेकर एक पत्रकार वार्ता कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा मंगलवार को आयोजित की गई। पत्रकारगणों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील भी उपस्थित थी।

पत्रकार वार्ता में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि महा अभियान के लिए जिले को वैक्सीन प्राप्त हो चुका है। अभियान में प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाएंगे। रतलाम शहर में 12 सेंटर रहेंगे। शहर में लगभग 90 प्रतिशत पात्र व्यक्ति प्रथम डोज लगवा चुके हैं। कलेक्टर ने अपील की है कि छूटे हुए सभी परिचितों तथा अन्य व्यक्तियों को

**कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पत्रकार वार्ता लेकर वैक्सीनेशन महाअभियान की जानकारी दी**



वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। वैक्सीन के सुखद परिणाम सामने आए हैं। आज बाजार में वही परिदृश्य है जो कोरोना से पूर्व का था, सभी गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही है। टीकाकरण में रतलाम अग्रणी जिलों में सम्मिलित है। साप्ताहिक ग्रेडिंग में जिला सदैव टॉप 3 में सम्मिलित रहा है। जिले के नगरीय निकायों में 80 तथा 90 प्रतिशत से लेकर शत-प्रतिशत उपलब्धि वाले नगरीय निकाय भी हैं।

इस अभियान में जिले के सैलाना तथा बाजना क्षेत्रों में ज्यादा वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं क्योंकि उन क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से कम वैक्सीनेशन हो पाया है। कलेक्टर ने बताया कि वैक्सीनेशन महा अभियान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पूरे जिले के लिए नोडल अधिकारी हैं।

इसके अलावा संबंधित एसडीएम तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि अब तक जिले में 6,74,527 व्यक्तियों अर्थात लगभग 61 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज वैक्सीनेशन किया जा चुका है। दूसरा डोज 1,30,937 व्यक्तियों को लगाया चुका है। जिले में 2,398 गर्भवती महिलाओं को भी टीके लगाए जा चुके हैं।

### टीकाकरण अभियान में भाग लेने की अपील

रतलाम। पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने शहरवासियो से अनुरोध किया है 25 एवं 26 अगस्त को लगने वाले टीकाकरण केन्द्रो पर जो लोग टीकाकरण में छुट गए है एवं जिनको दूसरा डोज लगाने की तारीख आ गयी है वह अपने निकटतम टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाए तथा अपने आस पड़ोस में मिलने वाले को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करे।

प्रसा०/25/8/21

## पशु वाहन के 4 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर आवारा पशु विचरण करते पाये जाने व पशुवाहन पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा आवारा पशुओं को कहीं भी पकड़ते हुए नहीं पाये जाने पर नियुक्त 4 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओं सूचना-पत्र जारी किया गया। पशु वाहन के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, मेहफुज-कालेखां, रामा व पूनमचन्द-रतन द्वारा कार्य में लापरवाही बरते जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

प्रसारण 25/8/21

## पशु वाहन के 4 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर आवारा पशु विचरण करते पाये जाने व पशुवाहन पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा आवारा पशुओं को कहीं भी पकड़ते हुए नहीं पाये जाने पर नियुक्त 4 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओं सूचना-पत्र जारी किया गया।

### इनको मिला सूचना पत्र

पशु वाहन के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, मेहफुज-कालेखां, रामा व पूनमचन्द-रतन द्वारा कार्य में लापरवाही बरते जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

रतलाम एक्सप्रेस 25/8/21

## 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। मंगलवार को 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 47060, काम्पेक्टर सूखा कचरा 22400, काम्पेक्टर गीला कचरा 10355, मैजिक से 3545 किलो, कुल 83360 किलो कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 25/8/21

## चार लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व जोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर राज-विजय फूल मंडी हरमाला रोड से 500, कोरियर एजेंसी म्हू रोड से 500, मदन आंबेडकर नगर से 250 व इकबाल फूल मंडी हरमाला रोड से 100 रुपये का स्पाट फाइन वसूला गया। सभी भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी विनय चौहान द्वारा की गई।

नईदुनिया 25/8/21

### वैक्सीनेशन महा अभियान की तैयारियां जोरो पर : 2 दिनों में लगेंगे 1 लाख टीके

# मीटिंग ज्वाइन नहीं करने पर पांच बाल विकास अधिकारियों का वेतन कटेगा



**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

जिले में वैक्सीनेशन महा अभियान की तैयारियां जोरों पर है। 25 तथा 26 अगस्त को आयोजित अभियान की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने की। इस बैठक को ज्वाइन नहीं करने पर कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के पांच बाल विकास परियोजना अधिकारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। इनमें जावरा, पिपलोदा, आलोट, सैलाना तथा बाजना के अधिकारी सम्मिलित हैं। महा अभियान के दोनों दिनों में 1 लाख व्यक्तियों को वैक्सीनेट किए जाने का लक्ष्य जिले में निर्धारित किया गया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर द्वारा अनुविभागों को लक्ष्य आवंटन की समीक्षा की गई। महा अभियान में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 22,000 टीके लगाए जाएंगे। पिपलोदा में 10000, आलोट में 22,000 टीके लगाए जाएंगे। सैलाना में 12000 तथा बाजना में 9000 टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक की तैयारी रखें। शासन से ज्यादा संख्या में वैक्सीन मिल सकते हैं।

अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान लोगों की सेहत के लिए है जितने ज्यादा ज्यादा लोग जुड़ सकते हैं जोड़े जाएं। ग्रामों में डौंडी पिटवाई जाए, अंत्योदय समितियों के सदस्यों, जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं, क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सैलाना, बाजना में कम संख्या में वैक्सीनेशन के दृष्टिगत ग्राम वन समितियों को भी जोड़ने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ऑनलाइन क्लासेज से जुड़े बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया जाए।

वर्षा के मौसम के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं करने, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पंचायत सचिवों की बैठक लेने, अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी फील्ड में भ्रमण करें, टाइम पास नहीं करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद आदि उपस्थित थे।

## वैक्सीन की प्रथम डोज आंशिक सुरक्षा, दूसरी डोज मतलब पूरी सुरक्षा

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

कोरोना महामारी के विरूद्ध पूरी तरह से रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए वैक्सीनेशन काफी कारगर साबित हो रहा है। वैज्ञानिक तथ्य भी यही कहते हैं कि वैक्सीन की दोनों डोज समय पर लग जाने से व्यक्ति के कोरोना संक्रमित होने की संभावना 93 प्रतिशत तक घट जाती है। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों की मृत्यु की संभावना भी नगण्य हो जाती है।

प्रदेशवासियों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिये संवेदनशील राज्य सरकार लक्षित समूह को वैक्सीन का सुरक्षा कवच देने के लिए कटिबद्ध है। वैक्सीनेशन का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर 25 एवं 26 अगस्त को दो दिवसीय टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा।

कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर ने विश्व के अधिकांश देशों को अपनी चपेट में ले लिया था। कोरोना काल में अनेकों ने अपनी जान भी गंवाई। कोरोना के साथ लड़ाई में भारत ने कम समय में स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर एक अनूठा उदाहरण पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत किया। वैक्सीन का निर्माण जितनी तेजी से किया गया, उतनी ही रफ्तार से प्रदेशों में वैक्सीन पहुँचाई भी गई। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सबको वैक्सीन-निःशुल्क वैक्सीन मंत्र देकर वैक्सीन तक सभी की पहुँच सुनिश्चित की। वैक्सीन की उपलब्धता के साथ उसके उपयोग में मध्यप्रदेश पूरे राष्ट्र में अग्रणी रहा। सिंघम 24

सिंघम 24/8/21

# पलसोड़ा में नगर निगम की नवीन वर्कशॉप प्रारंभ

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
नगर पालिका निगम द्वारा पलसोड़ा में स्वयं की भूमि पर निर्मित किए गए नए वर्कशॉप को सोमवार से प्रारंभ किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पलसोड़ा में निर्मित की गई नवीन वर्कशॉप के निरीक्षण के दौरान प्रकाश व्यवस्था करवाई गई ,साथ ही कर्मचारियों हेतु तैयार किए गए कार्यालय कक्षों में भी प्रकाश व्यवस्था करवाई। इसके अलावा वाहनों को खड़ा करने हेतु भूमि का समतलीकरण करवाया ।

श्री झारिया ने बताया कि निगम के समस्त कचरा संग्रहण वाहन, डम्पर, ट्रैक्टर आदि वाहनों को नवीन वर्कशॉप में पहुंचाया जाकर निर्धारित स्थलों पर खड़ा किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप की 2.50 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन हेतु बाउण्ड्रीवॉल निर्मित किया गया है। साथ वर्कशॉप को हरियाली से आच्छदित किए जाने हेतु 350 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है।

नगर निगम की वर्कशॉप पलसोड़ा में शिफ्ट होने पर स्थायीकर्मी अकबर नौशे खान की ड्यूटी दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक के लिए लगाई गई थी। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान कर्तव्य स्थल से बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कार्य से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

स्वदेश 25/8/21

# पलसोड़ा में नगर निगम की नवीन वर्कशाप शुरु हुई



**रतलाम।** कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम की वर्कशॉप को पलसोड़ा में नगर निगम भूमि पर निर्मित की गई नवीन वर्कशॉप को 23 अगस्त सोमवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में प्रारंभ किया गया। निगम आयुक्त ने पलसोड़ा में निर्मित की गई नवीन वर्कशॉप के निरीक्षण के दौरान वर्कशॉप में प्रकाश व्यवस्था करवाई गई साथ ही कर्मचारियों हेतु तैयार किये गये कार्यालय कक्षों में भी प्रकाश व्यवस्था करवाई। इसके अलावा वाहनों को खड़ा करने हेतु भूमि का समतलीकरण करवाया जाकर वर्कशॉप को प्रारंभ करवाया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम की वर्कशॉप को पलसोड़ा में निर्मित की गई नवीन वर्कशाप में शिफ्ट कर वर्कशॉप को प्रारंभ किया गया है।

अग्निबाण 24/8/21